	AHTU – JODHPUR EAST DATE-02-05-2024	

प्रेस नोट

मानव तस्करी विरोधी यूनिट जिला जोधपुर पूर्व की कार्यवाहीः– बालश्रम करते हुऐ तीन नाबालिग बच्चों को किया रेस्क्यु, दुकान मालिक के खिलाफ कराया मुकदमा दर्ज ।

आज दिनांक 02.05.2024 को पुलिस मुख्यालय राजस्थान जयपुर द्वारा बाल श्रम उन्मूलन हेतु चलाये जाने वाले बालश्रम रोकथाम अभियान हेतु श्रीमान डीसीपी साहब पूर्व जोधपुर श्री आलोक श्रीवास्तव के आदेशानुसार व श्रीमान लाभूराम अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त विशेष महिला अनुसंधान सैल जोधपुर पूर्व के सुपरविजन में जिले में नाबालिग बच्चो से कराये जा रहे बालश्रम की रोकथाम की कार्यवाही में आज मानव तस्करी विरोधी यूनिट जोधपुर पूर्व टीम द्वारा कार्यवाही करते हुऐ मानसी मार्केटिग साईकिल स्टोर बनाड रोड, जोधपुर में तीन नाबालिग बालकों से बालश्रम करवाते पाये जाने पर रेस्क्यु कर बालकल्याण समिति सदस्य जोधपुर के समक्ष पेश किया जाकर बाल आश्रय गृह मे अस्थाई दाखिला करवाया गया। नाबालिग बालकों से बालश्रम करवाने वाले साईकिल स्टोर दुकान संचालक/मालिक के खिलाफ पुलिस थाना बनाड़ में मुकदमा दर्ज करवाया गया।

घटना का संक्षिप्त विवरणः–

आज दिनांक 02.05.2024 को जरिये खास मुखबीर द्वारा प्रभारी मानव तस्करी विरोधी यूनिट जोधपुर पूर्व को इत्तला मिली कि मानसी मार्केटिंग बनाड रोड जोधपुर साईकिल स्टोर की दुकान में तीन नाबालिग बालकों से दुकान मे काम करवाया जा रहा है। दुकान मालिक निखिल खत्री द्वारा अपनी निकट निगरानी में दुकान में छः से सात घण्टे तक दुकान में साफ सफाई करना तथा आने वाले ग्राहको को साईकिले दिखवाना इत्यादि काम करवाया जाता है। इस पर उक्त नाबालिग बालकों को पुलिस संरक्षण में लिया जाकर पुलिस थाना बनाड़ पर साईकिल दुकान मालिक निखिल खत्री के विरूद्व जे जे एक्ट व बालश्रम प्रतिक्षेध अधिनियम व भादस मे मुकदमा दर्ज करवाया गया।

पुलिस टीमः–

1. श्री सीताराम भाकल उ.नि. प्रभारी मानव तस्करी विरोधी यूनिट् जोधपुर पूर्व।
2. श्री ओमाराम हैडकानि 2436 मानव तस्करी विरोधी यूनिट जोधपुर पूर्व ।
3. श्री सुमेरसिंह कानि 3040 मानव तस्करी विरोधी यूनिट जोधपुर पूर्व।
4. श्री कन्हैयालाल कानि 1940 मानव तस्करी विरोधी यूनिट जोधपुर पूर्व।
5. श्रीमति बबली मंकानि 1800 मानव तस्करी विरोधी यूनिट जोधपुर पूर्व।
6. श्री महेन्द्रसिह ड्राईवर कानि नं 45 मानव तस्करी विरोधी यूनिट जोधपुर पूर्व।

भवदीय
सही/–
प्रभारी
मानव तस्करी विरोधी यूनिट,
जोधपुर पूर्व